# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर
## सम्पदा कार्यालय

[(कक्ष सं0 101 डी, संकाय भवन) फोन नं0 0512.259–7166 एवं ईमेलः eoffice@iitk.ac.in]

### <u>नोलामी सूचना संख्या– 03/2025–26</u>

दिनांकः 22.05.2025

निदेशक, भा.प्रौ.सं. कानपुर की ओर से 'जैसा है जहां है' के आधार पर संस्थान के संस्थान निर्माण विभाग स्टोर (IWD Store) में रखी हुई विभिन्न प्रकार की जलौनी लकड़ियों की नीलामी हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

इच्छुक व्यक्ति जो इस खुली बोली नीलामी प्रकिया में भाग लेना चाहते है वे पूर्ण रूप से भरी गई निविदा व अन्य संलग्नकों के साथ <u>संस्थान के सम्पदा कार्यालय में दिनांक 13.06.2025 को अपरान्ह 4.00 बजे तक</u> जमा कर सकते है। प्राप्त निविदा प्रपत्रों की सत्यता के उपरांत ही बोली लगाने की अनुमति प्रदान की जाएगी।

खुली बोली की तिथि व समय व स्थान की घोषणा बोलीदाता को अलग से सूचित की जाएगी।

निविदा प्रपत्र संस्थान की वैबसाइट www.iitk.ac.in/estateoffice/tender से डाउनलोड किया जा सकता है।

–ह0–
प्रभारी अधिकारी (सम्पदा)

प्रतिलिपिः

1. उपनिदेशक
2. डीन, प्रशासन
3. अधीक्षण अभियंता, सं0नि0वि0
4. प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी विभाग, कानपुर –व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु
5. वन निगम, कानपुर
6. सूचना पट्ट
7. वैबसाइट।

# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर
## सम्पदा कार्यालय

[कक्ष सं0 101डी, संकाय भवन, फोन नं0 0512–259–7327/7166, ईमेल eoffice@iitk.ac.in]

पत्रता संबंधी शर्तें
1. बोलीदाता पिछले तीन वर्षों से यह कार्य कर रहा हो।
2. बोलीदाता की वित्तीय स्थिति बेहतर होनी चाहिए।
3. जी.एस.टी. नंबर/पंजीकरण प्रमाणपत्र होना चाहिए।

निविदा संबन्धित अनिवार्य संलग्नक
1. अनुभव प्रमाणपत्र
2. पिछले एक साल का बैंक विवरण
3. विगत वर्ष का आयकर रिटर्न
4. जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाणपत्र, आयकर पंजीयन प्रमाणपत्र और आधार कार्ड की छायाप्रति।

<u>नीलामी की अन्य नियम व शर्तें</u>

1. इस नीलामी की न्यूनतम आरक्षित मूल्य रू0 <u>2,55000/–</u> है। इससे कम की बोली को स्वीकार्य नहीं किया जाएगा।

2. नीलामी में भाग लेने के इच्छुक बोलीदाता को बयाने के रूप में रू0 <u>26000</u>/– का बैंक ड्राफ्ट/एफडीआर ''रजिस्ट्रार, आई.आई.टी. कानपुर'' के पक्ष में निर्गत हो की मूल प्रति निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय तक ''सम्पदा कार्यालय, आई.आई.टी. कानपुर'' में जमा करना अनिवार्य है। उपरोक्त निर्धारित राशि के बैंक ड्राफ्ट/एफडीआर की मूल प्रति तय तिथि व समय तक प्राप्त नहीं होने की स्थिति में संबन्धित निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

3. खुली निविदा द्वारा नीलाम की जाने वाली लकड़ियों के फोटोग्राफ अनुलग्नक–1 में संलग्न है। सभी लकड़ियॅा संस्थान के आई0डब्ल्यू0डी0 स्टोर में उपलब्ध है। इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि निविदा में भाग लेने से पूर्व उक्त लकड़ियों का भौतिक निरीक्षण अवश्य कर ले। भौतिक निरीक्षण के लिए इच्छुक बोलीदाता ''सम्पदा कार्यालय, आई.आई.टी. कानपुर, फोन 0512–259–7327/7166'', पर संपर्क कर निविदा जमा करने की अंतिम तिथि के एक कार्यदिवस पहले तक पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 05:00 बजे के मध्य उक्त लकड़ियों का निरीक्षण कर सकते हैं।

4. नीलामी मौके पर खुली बोली प्रकिया के माध्यम से की जाएगी जो की आरक्षित मूल्य से ऊपर, न्यूनतम रू0 1000/– के बढ़ते कम में, होगी तथा नीलामी सफल उच्चतम बोली लगाने वाले बोलीदाता को प्रदान की जाएगी।

5. सफल उच्चतम बोली लगाने वाले बोलीदाता को उक्त लकड़ियॅा ''जैसे है जहां है'' के आधार पर दी जाएगी।

6. सफल बोलीदाता, जिसकी निविदा को अंतिम रूप से स्वीकार किया जाएगा, को नीलामी की धनराशि संस्थान में बैंक ड्राफ्ट या किसी अन्य डिजिटल भुगतान (Digital Payment) के माध्यम से निविदा अवार्ड होने के सात दिनो के अंदर जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में बयाने की राशि जब्त कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

7. जी.एस.टी. मौजूदा सरकारी दरों के अनुसार बोलीदाता को अतिरिक्त देय होगा। कोई अन्य कर जो लागू हो का भुगतान भी अतिरिक्त देय होगा।

8. उक्त लकड़ियों की नीलामी की धनराशि संस्थान के खाते में जमा करने के उपरांत ही लकड़ियों को ले जान की अनुमति प्रदान की जाएगी। नीलामी की धनराशि जमा करने के 30 दिनों में नीलाम की गई लकड़ियों को ले जाना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में संस्थान की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

9. बोलीदाताओं द्वारा जमा किए गए बयाने की राशि का बैंक ड्राफ्ट नीलामी संबन्धित प्रकिया पूर्ण होने के उपरांत ही वापस किया जाएगा।

10. सफल उच्चतम बोलीदाता को नीलामी की लकड़ियों को संस्थान से ले जाने/काटने इत्यादि सम्बन्धित सभी खर्च स्वयं बोलीदाता को वहन करना होगा।

11. निविदादाता को राज्य व केंद्र सरकार के अन विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करना होगा तथा निविदादाता को अन अधिनियम के सभी नियमों के अनुसार कार्य करना होगा। यदि राज्य/केंद्र सरकार द्वारा घोषित अधिनियम/नियम के अंतर्गत किसी भी प्रकार की कोई अनुमति/औरचारिकता को आवश्यकता होती है तो निविदादाता उक्त के सम्बन्ध में अपने खर्चे पर उक्त अनुमति प्राप्त करेगा। उलंघन की दशा में निविदादाता स्वयं जिम्मेदार होगा।

12. इस नीलामी के अंतर्गत लकड़ियों के विक्रय से सम्बन्धित सभी प्रकार के शासकीय एवं संबैधानिक परोक्ष/अपरोक्ष कर, चुंगी, नगरपालिका, मंडी, वन विभाग, पारगमन परमिट तथा अन्य किसी प्रकार के कर, सेस, प्रभार इत्यादि का भुगतान निविदादाता को स्वयं वहन करना होगा।

13. लकड़ी काटने, ट्रांज़िट परमिट की व्यवस्था तथा लकड़ी की ढुलाई के लिए परिवहन इत्यादि की व्यवस्था निविदादाता को स्वयं करनी होगी।

14. नीलामी के उपरांत निविदादाता उक्त लकड़ियों की कटाई, पैकिंग, ढुलाई इत्यादि कार्य अपने जोखिम व खर्च पर करना होगा।

15. नीलामी की लकड़ियों को संस्थान परिसर से बाहर ले जाने के लिए दिवस व समय सीमा का निर्धारण सम्पदा कार्यालय द्वारा स्वीकृत होगा। साधारणतः यह अनुमति कार्य दिवस में प्रातः 9 बजे से सायं 5:30 बजे तक होगी। उक्त नीलामी की लकड़ियों को संस्थान परिसर से बाहर ले जाने के लिए गेटपास/पर्मिशन आवश्यक होगा।

16. लकड़ियों के परिवहन के दौरान यदि संस्थान की किसी सम्पत्ति को नुकसान होता है तो उक्त नुकसान की भरपाई बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।

17. यदि उपरोक्त नीलामी के दौरान/उपरांत उत्पन्न विवाद पारस्परिक विचार विमर्श के द्वारा सुलझााने का प्रयास किया जाएगा। विवाद के न सुलझाने की स्थिति में इस नीलामी से सम्बन्धित पक्षकार के आवेदन पर विवाद को माध्यस्थम और सुलह अधिनियम 1996 के प्रावधानों के अनुसार, निदेशन, आईआईटी कानपुर द्वारा नियुक्त एकल मध्यस्थ द्वारा निपटारा किया जाएगा जो की पक्षकारों पर बाध्यकारी होगा। माध्यस्थम और सुलह अधिनियम के उपरांत भी यदि कोई विवाद होता है तो न्याय हेतु कानपुर नगर न्यायालय क्षेत्र में ही मान्य होगा।

18. संस्थान के पास पूर्ण अधिकार सुरक्षित है कि वह किसी अथवा सभी निविदा व बोली को बिना कारण बताए स्वीकार अथवा अस्वीकार करे।

19. नीलामी के दौरान किसी विवाद के सम्बन्ध में संस्थान के निदेशक का निर्णय सभी निविदादाताओं को समान रूप से मान्य होगा।

---

मैंने उपरोक्त निविदा की सभी नियम एवं शर्ते पढ़ ली है तथा यह सभी मुझे पूर्णतया मान्य है।

क्या आपने बयाने की राशि के रूप में रू0 26000/– का बैंक ड्राफ्ट/एफ.डी.आर. इस निविदा के साथ संलग्न किया है? हॉ/नहीं

यदि 'हॉ' तो ड्राफ्ट/एफ.डी.आर. संख्या ........................ दिनांक ......................... एवं बैंक का नाम .............................

---

दिनांक ...............................

बोलीदाता के हस्ताक्षरः .......................................

बोलीदाता का नामः ..............................................

बोलीदामा का पताः ..............................................

.....................................................................

.....................................................................

मोबाइल नंबरः .....................................................

बोलीदाता के हस्ताक्षर

**संस्थान के 'संस्थान निर्माण विभाग' के स्टोर(IWD Store) मे उपलब्ध लकड़ियों के बोटों (Timber Wood) का विस्तृत विवरण:-**

| क0सं0 | जलौनी लकड़ियों के प्रकार | कुल जलौनी लकड़ियॅा (घन मीटर में) |
|---|---|---|
| 1 | देशी बबूल | 6.175 |
| 2 | शीशम | 106.26 |
| 3 | यूकेलिप्टस | 25.74 |
| 4 | मिक्स लकड़ियॅा | 39.2 |
| 5 | मिक्स लकड़ियॅा | 11.34 |
| 6 | मिक्स लकड़ियॅा | 62.16 |
| 7 | मिक्स लकड़ियॅा | 120.12 |
| | योग | 370.995 |

**संस्थान के 'संस्थान निर्माण विभाग' के स्टोर(IWD Store) मे उपलब्ध लकड़ियों के बोटों (Timber Wood) का छायाचित्र :- अनुलग्नक-1**













